### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और अक्षय कृषि परिवार संस्था ने कृषि सम्मेलन का किया आयोजन

# जैविक व प्राकृतिक खेती से किसान होंगे खुशहाल: भागैय्या

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और 'अक्षय कृषि परिवार' संस्था द्वारा शनिवार को प्राकृतिक एवं जैविक कृषि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कृषि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक प्रणाली के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। सम्मेलन के दौरान किसानों को छत्तीसगढ़ में तिलहन फसलों के उत्पादन के बारे में कृषि वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। कृषि सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रख्यात विचारक एवं समाज सेवी भागैय्या थे और अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज भाई सोलंकी, अध्यक्ष अक्षय कृषि परिवार, गजानन डोंगे, उपाध्यक्ष अक्षय कृषि परिवार एवं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना उपस्थित थे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भागैय्या ने प्राकृतिक एवं जैविक कृषि की अवधारणा, सिद्धान्त, प्रविधि तथा इसके लाभकारी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक कृषि प्रणाली को अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक कृषि से खेतों में उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग होता है तथा भूमि के स्वास्थ्य एवं उर्वरता में वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की प्राचीन परंपराओं में ऋषि कृषि की संकल्पना निहित है, जिसमें गौ आधारित प्राकृतिक एवं जैविक कृषि पद्धतियों का प्रयोग किया जाता था। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक कृषि धरती माता को स्वस्थ रखने के साथ ही फसलों की गुणवत्ता में वृद्धि करती है तथा मानव, पशु-पक्षी, कीट-पतंगों, सूक्ष्म जीवों तथा पर्यावरण के स्वास्थ्य की भी रक्षा करती है। अक्षय कृषि परिवार के अध्यक्ष मनोज सोलंकी ने सम्मेलन में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक कृषि की विधि, उपादानों तथा महत्व के बारे में जानकारी देते हुए खेतों पर ही जैविक खाद, कीट नाशक आदि के निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अक्षय कृषि परिवार द्वारा देश भर मे जैविक एवं प्रकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और उन्हें जैविक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोलंकी ने कहा कि जैविक कृषि फसल एवं पर्यावरण हितैषी होने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के साथ ही फसलों की कटाई उपरान्त प्रसंस्करण एवं विपणन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने की सलाह दी। अक्षय कृषि परिवार के उपाध्यक्ष गजानन डोंगे ने कहा कि भारत की प्राचीन परंपराएं, मान्यताएं एवं ज्ञान काफी समृद्ध है और उसमें संपूर्ण विश्व को एक इकाई मानते हुए मानव के साथ-साथ पशु-पक्षी, जीव-जनतुओं तथा पर्यावरण के सभी अंगों के संरक्षण एवं कल्याण की भावना निहित है।

### भूमि सुपोषण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई

उन्होंने भूमि सुपोषण पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता जताई। भागैय्या ने कहा कि अक्षय कृषि परिवार देश के विभिन्न राज्यों में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है तथा इनके प्रयासों से देश में लाखों किसानो ने प्राकृतिक एवं जैविक कृषि को अपनाया है। उन्होंने उपस्थित कृषकों को रसायन मुक्त प्राकृतिक और गौ आधारित खेती करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे अपने खेतों पर अगली फसल के लिए जैविक पद्धति से बीज, खाद, कीट नाशक तथा अन्य सामग्री तैयार कर स्वावलंबी कृषि ओर बढ़ें।एक दिवसीय कृषि सम्मेलन के प्रथम तकनीकी सत्र के दौरान प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लाभ, उनमें उपयोग होने वाले पदार्थां की उत्पादन तकनीक एवं उपयोग विधि, जैविक खाद एवं जैव उर्वरकों का उपयोग, जैविक कृषि में कीट नियंत्रण आदि के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। द्वितीय तकनीकी सत्र में छत्तीसगढ़ में तिलहन फसलों की वर्तमान स्थिति एवं संभावनाएं, प्रमुख तिलहन फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक विशेषकर सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, कुसुम तथा अलसी के उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## महिला सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास अधूरा: कश्यप



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर नारी शक्ति को नमन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि माता ही प्रथम गुरु होती हैं, जिनके मार्गदर्शन में व्यक्ति सफलता के शिखर तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास अधूरा है। कश्यप ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तथा अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में 21 किलोमीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली ग्राम कुरूषनार की उर्मिला करंगा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के तहत 27 हजार 48 महिलाओं को अब तक 30 करोड़ 14 लाख 11 हजार 900 रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। इस राशि ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि जिले में सक्षम योजना के अंतर्गत 86 महिलाओं को 50 लाख 60 हजार रुपए तथा ऋण योजना के तहत 83 समूहों को 41 लाख 95 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया गया है। इससे महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित नृत्य नाटिका कलांजलि सोमवार को



**रायपुर।** पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित, इंदौर की सुप्रसिद्ध संगीतमय नृत्य- नाटिका कलांजलि का भव्य मंचन सोमवार,10 मार्च को संध्या 6.30 बजे मुक्ताकाश मंच संस्कृति विभाग परिसर में होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन कॉस्मिक क्रियेशन सोसाइटी, महाराष्ट्र मंडल रायपुर और संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ के सहयोग से कर रही है। भव्य सांस्कृतिक संध्या कलांजलि इंदौर की सुप्रसिद्ध नृत्य नाटिका देवी अहिल्या बाई होल्कर की शौर्यगाथा, उनके सामाजिक कार्यों को नृत्य के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत करेगी। सवा घंटे चलने वाले इस नृत्य नाटिका में अहिल्या बाई के जीवन के हर पहलु को दिखाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं महापौर मीनल चौबे, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला और महाराष्ट्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष अजय मधुकर काले विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने लोगों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने और देवी अहिल्याबाई की शौर्यगाथा और सामाजिक कार्यों को समझने और उसे अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की है।

### भू माफियाओं और अफसरों के खिलाफ अपराध दर्ज कराएं : कन्हैया



**रायपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि शासकीय जमीनों के बंदरबांट और जमीन मुआवजा घोटाले के सभी दोषियों के खिलाफ जुर्म पंजीबद्ध करने के साथ ही घोटाले की राशि वसूलने की कार्रवाई भी की जानी चाहिए। जमीन के मुआवजे का घोटाला तो अभी केवल 07 गांव का सामने आया है जबकि इस मामले में 300 गांव की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। सभी अधिग्रहित जमीनों की भी जांच की जानी चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि राजस्व विभाग में भू माफियाओं का पूरी तरह से कब्जा हो गया है। कोरबा में ढाई सौ एकड़ झाड़-जंगल जमीन निजी नाम पर चढ़ा दी गई केवल एक पटवारी सस्पेंड हुआ बाकी सब को संरक्षण मिल रहा है। गरियाबंद जिले में सात गांव की ही अधिग्रहित जमीनों की जांच में ढाई सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आ चुका है, 300 गांव की अधिग्रहित जमीनों की जांच में स्थिति क्या होगी इसका आकलन भी किया जाना मुश्किल है। लेकिन एक दो अफसरों के सिवाय इस मामले में भूमाफियाओं और संबंधित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बचाने का प्रयास लगातार जारी है।

## सोशल मीडिया ने खत्म कर दिया है पब्लिक लाइफ और पर्सनल लाइफ का अंतर

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



सोशल मीडिया ने यदि हमें सुविधाएं दी हैं तो अनेक समस्याएं भी मुंह बाए खड़ी हैं। सायबर बुलिंग, इंटरनेट हराशमेंट जैसी समस्याएं सबसे बड़ी चुनौति के रूप में है। सोशल मीडिया की लत मनोरंजन के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सबब भी बनती जा रही है। सोशल मीडिया के दौर में आज पर्सनल और पब्लिक लाइफ में जरा भी अंतर नहीं रह गया है। सोशल मीडिया ने यह अन्तर खत्म कर दिया है। उपर्युक्त बातें शहीद नंद कुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव, रायपुर और खुन खुनजी कन्या स्नात्कोत्तर महाविद्यालय लखनऊ तथा छत्तीसगढ़ सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन व उत्तरप्रदेश सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से 'सोशल मीडिया और समाजः जनतांत्रिक मूल्य और जन विमर्श' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में विषय विशेषज्ञों ने कहीं।

छत्तीसगढ़ सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष शहीद नंद कुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगांव प्रो. प्रीति शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय समाजशास्त्र परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राजेश मिश्रा, भारतीय समाजशास्त्र परिषद के पूर्व सचिव प्रो. आनंद कुमार तथा विशिष्ट वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजस्थान के मीडिया एवं संस्कृति विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. प्रांता प्रतीक पटनायक थे।

मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय समाजशास्त्रीय सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष और लखनऊ यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश मिश्रा ने सोशल मीडिया की प्रकृति और स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए विश्वप्रसिद्ध समाजशास्त्रियों कार्ल मार्क्स, हेबरमास, गिडिंग्स आदि के विचारों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा की ओल्ड मीडिया मोनोलॉजिकल था जबकि सोशल मीडिया डायोलॉजिकल है। इसकी अनेक विशेषताएं हैं जिनमें साझेदारी का महत्वपूर्ण होना।

## रेल कर्मचारियों के लिए हुआ शिकायत निवारण सह चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,रायपुर मंडल प्रशासन द्वारा रेलवे कर्मचारियों के हितों,उन्हें स्वस्थ कार्यालयीन वातावरण प्रदान करने, उनकी शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण तथा उन्हें स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कर्मचारी शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। इसी संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के मार्गदर्शन में 07 मार्च 2025 को मंडल के रायपुर स्टेशन में कर्मचारी शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग के एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक शिवाशीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिकायत निवारण शिविर में 07 कर्मचारियों द्वारा लिखित शिकायतें दर्ज कराई गई तथा मौखिक रूप से की गई शिकायतों का गहन विचार-विमर्श करके त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही बाकी शिकायतों का निराकरण रेलवे बोर्ड के गाइड लाइन के तहत अतिशीघ्र करने का आश्वासन दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में रायपुर स्टेशन के 65 कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।

डिविजन रेलवे हास्पिटल, रायपुर के डाक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न बीमारियों के लक्षण, प्रकार, इससे होने वाली हानि तथा परहेज करने के अलावा अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारियां भी दी गई। इस शिविर में डॉ. बिजोया बिस्वास तथा कार्मिक,लेखा एवं चिकित्सा विभाग के निरीक्षकों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।

## महिला मंडई में महाराष्ट्र मंडल के स्टॉल को शानदार प्रतिसाद

### मराठी व्यंजनों के साथ छग के परंपरागत स्वाद का भी लुत्फ ले रहे लोग



पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in

साइंस कॉलेज मैदान में जारी महिला मंडई में महाराष्ट्र मंडल के सूखे नाश्ते के स्टॉल को लोगों को शानदान प्रतिसाद मिल रहा है। स्टॉल की विशेषता यह है कि इसमें लोग मराठी व्यंजनों का लुत्फ लेते हुए छत्तीसगढ़ के परंपरागत व्यंजनों को भी स्वाद ले रहे हैं।उपाध्याक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि साइंस कॉलेज मैदान में जारी महिला मंडई में महाराष्ट्र मंडल के मेस प्रकल्प की ओर से सूखे नाश्ते का स्टॉल गुरुवार से ही शुरू गया है। इसमें मराठी चिवड़ा, चकली, सलोनी, शक्करपारा, पूरण पोली, शुद्ध घी में बने मगज के लड्डू, मुर्रा भेल, मुर्रा फ्राय शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के परंपरागत स्वाद का मजा लोग ठेठरी, खुर्मी, फरा में ले रहे हैं। बताते चलें कि महाराष्ट्र मंडल के मेस प्रकल्प से होने वाली आय मंडल के ही दूसरे महत्वाकांक्षी प्रकल्प दिव्यांग बालिका विकास गृह के संचालन में मददगार होती है।मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन के अनुसार महिला मंडई में महाराष्ट्र मंडल के काउंटर पर जितनी मांग मराठी आयटमों की है, उससे कहीं ज्यादा लोग छत्तीसगढ़ के परंपरागत व्यंजन ठेठरी, खुर्मी खरीदना पसंद कर रहे हैं। मराठी आयटम में पुरण पोली को लोग बड़ी मात्रा पसंद कर रहे हैं। मंडई प्रभारियों की ओर से आने वाले दिनों में यदि लाइव किचन की अनुमति मिलती है, तो मंडई में आने वालों को अनेक व्यंजन गरमागरम खाने को मिलेंगे।

## रायपुर रेलवे स्टेशन में लगा 11 वाटर वेंडिंग मशीन

### यात्रियों को किफायती दर पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल – रायपुर रेल मंडल

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए सभी प्लेटफॉर्मों पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रायपुर रेल मंडल पर रेल प्रशासन के द्वारा यात्रियों के लिए स्टेशनों में यात्रियों को कम कीमत पर पीने का शीतल पानी उपलब्ध कराने हेतु वाटर वेंडिंग मशीन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में यात्रियों की सुविधा और किफायती दर पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं 02 पर 07 मार्च को वाटर वेंडिंग मशीन सुविधा का शुभारंभ किया गया। वाटर वेंडिंग मशीन से मिलने वाली पानी की कीमत स्टेशन पर मिलने वाली अन्य मिनरल वाटर की कीमत से काफी कम है।

वाटर वेंडिंग मशीन के माध्यम से यात्रियों को फिल्टर्ड और स्वच्छ पानी मात्र ?03 प्रति 300 मिलीलीटर की दर से उपलब्ध है । यात्रियों की सुविधा के लिए 500 मिलीलीटर, 1 लीटर 2 लीटर और 05 लीटर की मात्रा में भी पानी किफायती दरों पर उपलब्ध कराया गया है। यात्रियों के पास स्वयं की बोतल लाने का विकल्प भी है, जिससे प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। यात्रियों के सुविधाओं हेतु रायपुर स्टेशन में 6 एवं दुर्ग स्टेशन में 05 वॉटर वेंडिंग मशीन लगाई जाएगी। वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी जी के प्रयास से यह पहल रेलवे के पर्यावरण अनुकूल और यात्री केंद्रित सेवाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई है। वाटर वेंडिंग मशीनें स्वचालित रूप से कार्य करती हैं जिससे यात्रियों को त्वरित और आसान सेवा प्राप्त होगी। इसकी उपलब्धता से यात्रीगण अब सफर के दौरान उचित मूल्य पर स्वच्छ पेयजल का आनंद ले सकेंगे।

### बिना कंटेनर एवं कंटेनर सहित अलग अलग है

(1) 300 मिलीबिना कंटेनर 2 रुपए, कंटेनर सहित 3 रुपए
(2) 500 मिलीबिना कंटेनर 3 रुपए, कंटेनर सहित5 रुपए
(3) 1 लीटर बिना कंटेनर 5 रुपए, कंटेनर सहित 8 रुपए
(4) 2 लीटर बिना कंटेनर 8 रुपए, कंटेनर सहित12 रुपए
(5) 5 लीटर बिना कंटेनर 20 रुपए, कंटेनर सहित25 रुपए

रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों के प्लेटफार्म पर यात्रियों की पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर बूथ ठंडे पानी के लिए वाटर कूलरों की व्यवस्था भी उपलब्ध हैं ।यात्रीगण अपनी सुविधा अनुसार पेयजल के लिए सभी व्यवस्थाओं का लाभ उठा सकते हैं ।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

(1) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-01-25-26
दिनांक : 06.03.2025
**कार्य का नाम-** रायपुर मंडल के एडीईएन/ II/ भिलाई के अधिकार क्षेत्र में रेल जोड़ों की वेल्डिंग के लिए स्वचालित टैपिंग थिम्बल के साथ लगे सिंगल शॉट क्रूसिबल का उपयोग करते हुए संपीड़ित एयर-पेट्रोल प्री-हीटिंग सिस्टम, 3 पीस प्री-फैब्रिकेटेड मोल्ड्स का उपयोग करते हुए 60 किग्रा 90 यूटीएस/60ई1 आर260 ग्रेड रेल के लिए एटी वेल्डिंग भाग की आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 66,90,991/-, **ईएमडी:** ₹ 1,33,800/-.

(2) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-02-25-26
दिनांक : 06.03.2025
**कार्य का नाम-** रायपुर मंडल के भानुप्रतापपुर में गुड्स शेड का सुधार । **निविदा मूल्य:** ₹ 9,49,32,355/-, **ईएमडी:** ₹ 6,24,700/-.

(3) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-03-25-26
दिनांक : 06.03.2025
**कार्य का नाम-** दुर्ग- दल्लीराजहरा सेक्शन में किमी 947/1-2 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-59 को बंद करने के लिए रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान (कट एंड कवर विधि द्वारा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,40,43,206/-. **ईएमडी:** ₹ 3,70,200/-.

(4) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-04-25-26
दिनांक : 06.03.2025
**कार्य का नाम-** दुर्ग- दल्लीराजहरा सेक्शन में किमी 889/7-8 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी 19 को बंद करने के लिए रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान (कट एंड कवर विधि द्वारा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,68,35,642/-, **ईएमडी:** ₹ 4,34,200/-.

(5) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-05-25-26
दिनांक : 06.03.2025
**कार्य का नाम-** दुर्ग- दल्लीराजहरा सेक्शन में किमी 874/2-3 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-C8 को बंद करने के लिए रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान (कट एंड कवर विधि द्वारा) **निविदा मूल्य:** ₹ 4,39,49,276/-, **ईएमडी:** ₹ 3,69,800/-.

(6) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-06-25-26
दिनांक : 06.03.2025
**कार्य का नाम-** ट्रैक ज्यामिति मापन ट्रॉली द्वारा दुर्ग- तारोकी और धाधापारा - दुर्ग सेक्शन (लगभग 320 किलोमीटर) के यार्ड लाइनों और लूप सेक्शन के ट्रैक ज्यामिति मापदंडों को रिकॉर्ड करने के लिए ट्रैक पैरामीटर मापन कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 44,64,000/-, **ईएमडी:** ₹ 89,300/-.
**निविदा प्रस्तुत करना:** 11.00 बजे तक दिनांक 03.04.2025, **निविदा खोलना:** 11.00 बजे दिनांक 03.04.2025.

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय/ एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें। **वरि. मंडल अभियंता-II**
पीआर/आर/इंजी./एएन/262 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

### कलेक्टर ने डीएलसीसी की बैठक ली, अनुपस्थित बैंकों पर जताई नाराजगी

# कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से करें समाधान : कलेक्टर

पीपुल्स संवाददाता • रायपुर
editor@peoplessamachar.co.in



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति कि विशेष 192वीं बैठक दिसंबर तिमाही (डीएलसीसी) की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी बैंक कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से लें। यदि किसी भी बैंक में ऋण से जुड़े प्रकरण आते है तो लंबित ना रखें। कम से कम औपचारिकता करते हुए प्रक्रियाओं को जल्दी पूर्ण करें और हितग्राहियों को जल्द ऋण प्रदान करें। कलेक्टर ने बैठक में बैंकों के प्रतिनिधियों के अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने उक्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधन को कड़ा चेतावनी पत्र लिखने के निर्देश एलडीएम को दिए। साथ ही इसकी प्रतिलिपि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को अग्रिम कार्रवाई के लिए देने को कहा।कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि एनआरएलएम और एनयूएलएम से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि इनसे जुड़े ऋण प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ विचार करें और उनकी प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण करें। बैठक में एलडीएम सिराज हाईत ने जानकारी दी कि एनआरएलएम ने अपना शत प्रतिशत और एनयूएलएम ने 98 प्रतिशत पीएम स्वानिधि योजना में 92 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित किया गया। साथ ही उन्होंने 2024-25 में प्राथमिकता लोन के टारगेट दिसंबर तिमाही तक 87 प्रतिशत अर्जित कर लिया है। इस पर डॉ सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि सारे बैंक भविष्य में भी ऐसे जुड़े प्रकरणों का गंभीरता से समाधान करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**ICICI Home Finance** कार्पोरेट ऑफिस : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट) मुम्बई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: क्रिसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, स्वरूप टॉकीज के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001
[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा:

| क्रमांक | ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या | सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना जमा राशि | संपत्ति निरीक्षण का तिथि व समय | नीलामी की तिथि और समय | एक दिन पूर्व नीलामी की तिथि | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (D) | (C) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) |
| 1. | सुरेश कुमार ढोबले (उधारकर्ता) ममता परमानंद (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHDRG00000848838 | खसरा नंबर 1074/46 (पुराना खसरा नंबर 1074/19), पी एच नंबर। 16/24, मौजे-पोलसाय पारा दुर्ग छत्तीसगढ़ | Rs. 45,88, 764.72/- फरवरी 28, 2025 | Rs. 13,38, 120/- / Rs. 1,33, 812/- | मार्च 18, 2025 11:00 AM 03:00 PM | मार्च 25, 2025 02:00 PM 03:00 PM | मार्च 24, 2025 को 05:00 PM से पहले | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://assets.matexauctions.com) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को आगे के ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है। 24 मार्च 25 को शाम 5.00 बजे से पहले अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर 24 मार्च 2025 को शाम 04:00 बजे से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित पते पर जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर 24 मार्च 25 को शाम 05.00 बजे से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित पते पर जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी" के पक्ष में लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।
नीलामी या निविदाएं जमा करने के निरीक्षण, नियम और शर्तों के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com/ पर जाएं।
दिनांक : 09 मार्च 2025
स्थान : दुर्ग
प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106